भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2477

सोमवार, 03 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

भिंड एवं दतिया के पर्यटन स्थलों का विकास

2477. श्रीमती संध्या रायः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2014 से अब तक मध्य प्रदेश के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों, विशेषकर भिंड एवं दतिया में स्थित श्री पीताम्बरा पीठ (दतिया), सोनागिरि जैन तीर्थ, रतनगढ़ माता मंदिर, अटेर दुर्ग, वनखंडेश्वर महादेव मंदिर, गौरी सरोवर, दंदरौआ धाम (हनुमान जी) तथा अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के लिए सरकार की योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का योजना-वार ब्यौरा सहित स्वीकृत एवं आवंटित धनराशि तथा पूर्ण एवं प्रगतिरत परियोजनाओं की स्थिति क्या है; और

(ख) वर्ष 2014 से उक्त परियोजनाओं पर किए गए व्यय का वर्ष-वार ब्यौरा तथा उक्त प्रत्येक स्थल पर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने के लिए किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय, 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी विभिन्न योजनाओं के तहत मध्य प्रदेश में धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों सहित पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने हेतु देश भर में पर्यटन से संबंधित अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

मध्य प्रदेश राज्य में उपरोक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत, प्राधिकृत, उपयोग की गई राशि और भौतिक स्थिति सहित परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से देश भर में पर्यटकों के अनुभव को समग्र रूप से बेहतर बनाने और उन्नत करने के लिए विभिन्न पहलों जैसे पर्यटक सूचना केंद्र, कतार प्रबंधन परिसर, प्रतीक्षालय, क्लॉक रूम, अप्रोच रोड का चौड़ीकरण, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, फुट-ओवर ब्रिज, पार्किंग, शौचालय, कूड़ेदान, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं और अन्य स्थल संबंधी विकास कार्यों को मंजूरी दी है। उपर्युक्त योजना के तहत निष्पादित परियोजनाएं पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने के उद्देश्य से समग्र और स्थायी तरीके से पर्यटन अवसंरचना विकास सुनिश्चित करते हुए पर्यटकों के अनुभवों को बेहतर बनाती है।

****

अनुबंध

श्रीमती संध्या राय द्वारा भिंड एवं दतिया के पर्यटन स्थलों के विकास के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2477 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

मध्य प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

राशि (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग की गई राशि**	**भौतिक प्रगति /स्थिति**
1.	वन्यजीव	पन्ना-मुकुंदपुर-संजय-दुबरी-बांधवगढ़-कान्हा - मुक्की - पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास	92.10	86.31	भौतिक रूप से पूर्ण
2.	बौद्ध	सांची - सतना - रीवा - मंदसौर - धार का विकास	74.02	72.75	
3.	विरासत	ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास	89.82	89.49	
4.	इको	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बरगी बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास	93.76	93.59	

मध्य प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

राशि (करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**गंतव्य**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**	**भौतिक प्रगति/स्थिति**
1.	चित्रकूट	चित्रकूट में आध्यात्मिक अनुभव	27.22	13.61	51.06%
2.	ग्वालियर	फूलबाग अनुभव क्षेत्र	16.74	8.37	45.92%
3.	दतिया	पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास	44.24	22.12	28.95%

मध्य प्रदेश राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

राशि (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**गंतव्य/श्रेणी**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**	**भौतिक प्रगति /स्थिति**
1.	ओरछा (आध्यात्मिक पर्यटन)	ओरछा एक मध्यकालीन वैभव 2.0	25.00	12.50	18.36%
2.	मांडू (संस्कृति एवं विरासत)	मांडू-एक मध्यकालीन आश्चर्य	24.88	12.44	12.49%

मध्य प्रदेश राज्य में तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

राशि (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि**	**भौतिक प्रगति/स्थिति**
1.	अमरकंटक का विकास	49.99	34.63	भौतिक रूप से पूर्ण
2.	ओंकारेश्वर का विकास	43.93	43.93	

****